**Regarding issuing a commemorative postage stamp in the name of Pabitra Mohan Pradhan, a renowned freedom fighter**

श्री रुद्र नारायण पाणी **(धेन्कानल) :** महोदया, जय जगन्नाथ । मैं एक प्रख्यात, स्वतंत्रता सेनानी पवित्र मोहन प्रधान के नाम से स्मारक, डाक टिकट प्रचलन करने के लिए भारत सरकार से निवेदन करता हूं । स्वतंत्रता संग्राम के दौरान स्वर्गीय पवित्र मोहन प्रधान कई साल जेल में भी रहे और राज्य सरकार में भी कई बार मंत्री रहे । वर्ष 1977 में इस लोक सभा के सदस्य भी रहे । ओडिशा के प्रख्यात लेखक और कवि रहे ।

मेरा भारत सरकार से निवेदन है कि स्वतंत्रता सेनानी, कवि, लेखक, राज्य सरकार के मंत्री, लोक सभा के सदस्य स्व. पवित्र मोहन प्रधान के नाम से स्मारक, डाक टिकट प्रचलन किया जाए ।